Seventeenth Loksabha

an>

Title: Need to declare Nabinagar-Barun road as National Highway.-Laid

श्री महाबली सिंह (काराकाट): **मैं** सरकार का ध्यान अनुग्रह नारायण रोड सिरिस-चरण अंकोरहा मंझिआँव पथ जो नबीनगर-बारुण मुख्य सड़क को राष्ट्रीय रा**ज**मार्ग (नेशनल हाईवे) में शामिल कराने के संबंध मे आकर्षित कराना चाहता हूँ | मेरे काराकाट लोक सभा क्षेत्र के अन्तर्गत नबीनगर विधानसभा क्षेत्र का अनुग्रह नारायण रोड रेलवे स्टेशन जिला मुख्यालय का मुख्य स्टेशन है । नबीनगर विधानसभा क्षेत्र के लोगों को सड़क के अभाव में डेहरी-ऑन-सोन रेलवे स्टेशन रोहतास में जाकर ट्रेन का सफर करना पड़ता है । जबकि अनुग्रह नारायण रोड से मुशी बिगहा, जीवा बिगहा, सिरिस के रास्ते चरण, रेगानियाँ मंझौली, सोनोरा, अंकोरहा, एन. पी. जी. सी. एल., बी. आर. बी. सी. एल. एवं एन. टी. पी. सी. को जोड़ने वाली नबीनगर बारुण मुख्य सड़क है | इसकी दूरी लगभग 30 किलोमीटर है । नबीनगर बारुण मुख्य सड़क को राष्ट्रीय रा**ज**मार्ग (नेशनल हाईवे) में शामिल कराने से इस क्षेत्र के लाखों लोग लाभान्वित होंगे । खासकर के एन. टी. पी. सी. के दो दो मेगा पावर परियोजना के अधिकारी/ कर्मचारी को अनुग्रह नारायण रेलवे स्टेशन जाने में काफी सुविधा होगी तथा नबीनगर विधानसभा क्षेत्र के लोगों को अनुग्रह नारायण रोड रेलवे स्टेशन एवं जिला मुख्यालय में सुविधा होगी तथा समय भी कम लगेगा । अत: **मैं** सरकार से मांग करता हूँ कि नबीनगर-बारुण मुख्य सड़क को राष्ट्रीय रा**ज**मार्ग (नेशनल हाईवे) में शामिल किया जाये ।